**घटना** | रेस्क्यू टीम को दूसरे दिन मिला शव, मॉडल स्कूल में अतिथि शिक्षक के पद पर था कार्यरत

# अजगर की जकड़ में आए युवक की मौत





**अनूपपुर, नवभारत 27 जुलाई।** जैतहरी थाना क्षेत्र के ग्राम क्योटार में रविवार शाम सोन नदी में मछली पकड़कर लौट रहे 40 वर्षीय युवक को अजगर द्वारा पैर से जकड़कर नदी के पानी में खींच ले जाने की घटना के बाद सोमवार सुबह उसका शव बरामद किया गया। मृतक महेंद्र कुमार रैदास जैतहरी के शासकीय मॉडल विद्यालय में पिछले करीब दो वर्षों से अतिथि शिक्षक वर्ग-2 के पद पर कार्यरत था।

जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर महेंद्र कुमार अपने साथी विजय चौधरी के साथ क्योटार गांव स्थित बैराज बांध के दूधिया घाट के पास सोन नदी में मछली पकड़ने गया था। शाम करीब 4 बजे दोनों वापस लौट रहे थे।

### अजगर ने युवक पैर को जकड़ लिया था

इसी दौरान नदी के किनारे पानी में डूबे बबूल के पेड़ के पास पहुंचने पर एक अजगर ने महेंद्र के पैर को जकड़ लिया और उसे अपनी ओर खींचने लगा। महेंद्र के शोर मचाने पर साथी विजय चौधरी ने उसका हाथ पकड़कर उसे बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन इसी दौरान हाथ छूट गया। विजय ने अपनी आंखों के सामने अजगर को महेंद्र को बाढ़ के पानी में खींचकर ले जाते और डूबते देखा।

### रेस्क्यू टीम को बुलाया गया

घटना के बाद विजय करीब दो किलोमीटर पैदल चलकर क्योटार गांव पहुंचा और ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही जैतहरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की गंभीरता को देखते हुए अनूपपुर जिला मुख्यालय से रेस्क्यू टीम को बुलाया गया।

### देर रात तक चली तलाश सुबह मिला शव

रेस्क्यू टीम ने रविवार देर रात तक सोन नदी में युवक की तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। सोमवार सुबह टीम ने दोबारा खोजबीन शुरू की। इस दौरान सोन नदी के बीच सरपत और अन्य झाड़ियों के बीच महेंद्र कुमार का शव औंधे मुंह पड़ा मिला। रेस्क्यू टीम ने शव को बरामद कर जैतहरी अस्पताल पहुंचाया।

### शिक्षकों ने परिवार को दी आर्थिक सहायता

महेंद्र कुमार रैदास की मौत से शासकीय मॉडल विद्यालय के शिक्षकों में शोक का माहौल है। प्राचार्य कमलेश सिंह राठौर एवं विद्यालय के शिक्षकों ने शिक्षक समूह से एकत्रित की गई आर्थिक सहायता राशि मृतक की पत्नी सरिता रैदास और पुत्र दीपक रैदास को सौंपकर परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।



# बच्चों को स्कूल भेजने का दिलाया संकल्प

**बैगा बस्ती में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित**

**अनूपपुर, नवभारत 27 जुलाई।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष माया विश्वलाल के मार्गदर्शन में ग्राम उमर गोहान के विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति क्षेत्र में स्कूल चलें हम अभियान के तहत नि:शुल्क विधिक साक्षरता एवं जनजागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में पैरालीगल वॉलंटियर्स ने ग्रामीणों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को नि:शुल्क विधिक सहायता, कानूनी सेवाओं तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। पैरालीगल वॉलंटियर्स आर्यन सोनी एवं आराध्या सोलंकी ने बैगा समाज के बच्चों को स्कूल बैग, बिस्किट एवं केक वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं गई

इस दौरान बच्चों और अभिभावकों को संकल्प दिलाया गया कि ग्राम का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा तथा सभी बच्चे नियमित रूप से विद्यालय जाएंगे। शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उन्हें विधिक सहायता प्राप्त करने के माध्यमों की जानकारी भी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रावेंद्र कुमार सोनी ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों का विद्यालय में प्रवेश और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

## एक नजर में



### सभी धर्मों के लिए नि:शुल्क शव फ्रिजर सेवा

**अनूपपुर, नवभारत।** सामाजिक सरोकार और मानव सेवा की दिशा में अंजुमन इस्लामिक कमेटी अनूपपुर ने सराहनीय पहल करते हुए सभी धर्मों एवं समुदायों के जरूरतमंद परिवारों के लिए नि:शुल्क शव फ्रिजर सेवा शुरू की है। कमेटी द्वारा उपलब्ध कराया गया शव फ्रिजर किसी विशेष धर्म या समुदाय तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंद कोई भी परिवार इसका लाभ ले सकता है। कमेटी के सदर लियाकत अली ने बताया कि कई बार किसी व्यक्ति के निधन के बाद परिजनों के दूर-दराज से आने, कानूनी प्रक्रिया पूरी होने अथवा अन्य परिस्थितियों के कारण अंतिम संस्कार में विलंब हो जाता है। ऐसे समय में शव को सुरक्षित रखना परिवार के सामने बड़ी चुनौती बन जाता है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए कमेटी ने शव फ्रिजर की व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि यह सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी।

### मातृशक्ति महिला मंडल ने कराया निर्धन कन्या का विवाह

**नवभारत, जबलपुर।** मातृशक्ति महिला मंडल की महिलाओं ने एकजुट होकर एक अत्यंत निर्धन परिवार की कन्या मुस्कान संग अमित के विवाह का संपूर्ण खर्च उठाते हुए पूरे विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया। स्थानीय क्षेत्र में सामाजिक सरोकार और लोक कल्याण के कार्यों में अग्रणी मंडल ने आर्थिक तंगी के कारण बेटी की शादी को लेकर चिंतित परिवार की सूचना मिलते ही तुरंत मदद का हाथ बढ़ाया। मंडल की ओर से न केवल भव्य पंडाल, मंडप और सामूहिक भोज की व्यवस्था की गई, बल्कि नवविवाहित जोड़े को गृहस्थी शुरू करने के लिए बर्तन, कपड़े, बिस्तर और अन्य आवश्यक उपहार भी भेंट किए गए। शादी के दौरान मंगल गीतों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बेटी को विदा किया गया।

# यात्रियों और वाहन चालकों को किया जागरूक

**जीआरपी पुलिस ने चलाया नशे से दूरी है जरूरी अभियान-2.0**




**अनूपपुर, नवभारत 27 जुलाई।** नशे के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जीआरपी चौकी अनूपपुर स्टाफ द्वारा 19 जुलाई को नशे से दूरी है जरूरी अभियान-2.0 के तहत रेलवे स्टेशन अनूपपुर परिसर में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जीआरपी स्टाफ ने रेलवे स्टेशन के रेलवे परिक्षेत्र एवं पार्किंग क्षेत्र में पहुंचकर वहां खड़ी गाड़ियों, ऑटो तथा अन्य शासकीय एवं अशासकीय परिवहन साधनों पर नशा मुक्ति अभियान से संबंधित पोस्टर चस्पा किए। इसके साथ ही ऑटो चालकों, रेल यात्रियों एवं राहगीरों को नशे के सेवन से होने वाली शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी हानि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### नशे से दूर रहने की अपील की

जीआरपी स्टाफ ने लोगों से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए उन्हें नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। लोगों को समझाया गया कि नशे की आदत न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अभियान के दौरान नशे की लत से पीड़ित व्यक्तियों को इससे छुटकारा पाने के लिए नशा मुक्ति केंद्र जाने की सलाह दी गई।

# कोयला मजदूर सभा की हसदेव क्षेत्रीय समिति भंग, अंतरिम समिति गठित

**अनूपपुर, नवभारत 27 जुलाई।** कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) ने संगठनात्मक अनुशासन और एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से हसदेव क्षेत्रीय समिति को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। संगठन की ओर से जारी कार्यालय आदेश में कहा गया है कि क्षेत्रीय समिति के कुछ पदाधिकारियों की गतिविधियां संगठन की एकता, अनुशासन एवं संगठनात्मक सुदृढ़ता के प्रतिकूल पाई गईं, जिससे संगठन के हित प्रभावित हो रहे थे। संगठन ने अपने संविधान की धारा 23(ब) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए पूरी क्षेत्रीय समिति को भंग करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही समिति के सभी पूर्व पदाधिकारियों के प्रशासनिक, वित्तीय एवं बैंकिंग अधिकार भी तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिए गए हैं। कार्यालय आदेश के मुताबिक, पूर्व पदाधिकारी अब संगठन के किसी भी बैंक खाते का संचालन, धनराशि का आहरण, चेक जारी करने, ऑनलाइन बैंकिंग लेन-देन अथवा किसी अन्य प्रकार का वित्तीय कार्य नहीं कर सकेंगे।

### चित्र प्रदर्शनी में मोदी सरकार के जनकल्याण कार्यों का दिखा संगम

**नवभारत, जबलपुर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रदेश कार्यालय द्वारा प्रधानमंत्री एक्सीलेंस शासकीय महाकौशल विद्यालय में पीएम नरेंद्र मोदी की मन की बात के कार्यक्रम के साथ मोदी सरकार के विकास विश्वास और जनकल्याण के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। चित्र प्रदर्शनी में मोदी सरकार के जनकल्याण के कार्यों का चित्रण किया गया। इस मौके पर मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, विधायक अशोक रोहाणी, पार्षद श्याम कनौजिया, कॉलेज के प्रोफेसर छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

# लहरपुर गांव में हाथी ने तोड़ी मकान की दीवार, वृद्ध घायल

**हाथी देखने छत पर चढ़ रही महिला का पैर फिसला, अस्पताल में भर्ती**





**अनूपपुर, नवभारत 27 जुलाई।** जिले में हाथियों का विचरण लगातार जारी है। हाथियों के समूह द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में घरों को क्षतिग्रस्त करने और खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

पिछले दो दिनों से तीन हाथी दो अलग-अलग समूहों में बंटकर जैतहरी क्षेत्र के कुसुमहाई और चोई गांव के जंगलों में डेरा डाले हुए हैं। रात के समय हाथियों के गांवों की ओर आने की आशंका से ग्रामीण भय के बीच रात गुजार रहे हैं। शनिवार की देर रात हाथियों का समूह जैतहरी नगर से लगे लहरपुर गांव में पहुंच गया। इस दौरान खाने की तलाश में हाथी ने 60 वर्षीय बुद्धू पनिका के घर की दीवार तोड़ दी। दीवार गिरने के समय बुद्धू घर के अंदर खाट पर सो रहे थे। मलबे में दबने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वन विभाग के गश्ती दल ने घायल वृद्ध को तत्काल जैतहरी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

### ग्रामीणों में मची अफरा-तफरी

इसी तरह रविवार और सोमवार की मध्यरात्रि जैतहरी से करीब 10 किलोमीटर दूर चोई गांव के पडमनिया टोला में दो हाथियों के पहुंचने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। हाथियों को देखने के लिए 40 वर्षीय कलावती पति लखन चर्मकार छत पर चढ़ने के लिए सीढ़ियां चढ़ रही थीं। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह गिरकर घायल हो गईं। परिजनों ने उन्हें जैतहरी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

# विराट रथ यात्रा के साथ निज धाम लौटे भगवान जगन्नाथ

**नवभारत, जबलपुर।** श्री जगदीश मंदिर गणेश मंदिर लोक न्यास, गढ़ाफाटक के तत्वावधान में हुई भगवान जगन्नाथ स्वामी की 259वीं ऐतिहासिक एवं विराट रथ यात्रा के साथ प्रभु अपने निज धाम लौट आए हैं।

श्रीक्षेत्र पुरी की परंपरा के अनुसार भगवान जगन्नाथ स्वामी अपनी मौसी के हनुमान अखाड़ा मंदिर में दस दिवसीय विश्राम के बाद भव्य शोभायात्रा के साथ प्रस्थान किए। इस दौरान लोक न्यास के प्रबंध न्यासी अधिवक्ता लाल ज्ञानेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि दस दिनों तक मौसी के निवास पर प्रतिदिन देवेंद्र त्रिपाठी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से पूजन-अर्चन, महाआरती और हरिनाम संकीर्तन हुआ, जहाँ हजारों श्रद्धालुओं ने प्रभु के दर्शन कर दिव्य कृपा का अनुभव किया। रथ वापसी के अवसर पर चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जाबालीपुरम के भजनों से सम्पूर्ण मार्ग 'जय जगन्नाथ' के उद्घोष, ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों, पुष्पवर्षा एवं श्रद्धालुओं के भक्ति-नृत्य से गुंजायमान हो उठा। जैसे-जैसे रथ अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ता गया, आराध्य से बिछड़ने पर अनेक श्रद्धालुओं की आँखें नम थीं। मंदिर परिसर पहुंचते ही वैदिक मंत्रोच्चार एवं मंगल आरती के साथ प्रभु का भव्य स्वागत किया गया और ट्रस्ट द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

# 102 मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी 1 लाख की छात्रवृत्ति

**29 को मनाया जाएगा महर्षि सांदीपनि गुरू पर्व, होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**अनूपपुर, नवभारत 27 जुलाई। प्रदेश में इस वर्ष गुरू पूर्णिमा का पर्व महर्षि सांदीपनि गुरू पर्व के रूप में 29 जुलाई को व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में परिपत्र जारी कर विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।**

गुरू पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, पॉलिटेक्निक कॉलेजों तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं महर्षि सांदीपनि के चित्र पर माल्यार्पण और सरस्वती वंदना से होगी। इसके साथ ही गुरूजनों का स्वागत-सम्मान, व्याख्यान, उद्बोधन तथा छात्र-शिक्षक संवाद सहित साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

### 51 विद्यार्थी स्कूल स्तर तथा 51 विद्यार्थी कॉलेज के होंगे

गुरू पर्व के अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रदेश के 102 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इनमें 51 विद्यार्थी स्कूल स्तर तथा 51 विद्यार्थी कॉलेज एवं विश्वविद्यालय स्तर के होंगे। चयनित विद्यार्थियों को एकमुश्त एक लाख रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। संस्कृति विभाग द्वारा महर्षि सांदीपनि के जीवन पर आधारित ई-एल्बम, बुकलेट तथा महर्षि सांदीपनि का मानक चित्र उपलब्ध कराया जाएगा।

### गुरू के नाम पर पौधरोपण और स्वास्थ्य शिविर

गुरूजनों के सम्मान में आमजन को भी विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने की पहल की जाएगी। शैक्षणिक एवं आध्यात्मिक गुरूजनों के नाम पर पौधरोपण, स्वास्थ्य शिविर तथा अन्य सामाजिक गतिविधियां आयोजित करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा।

# जंगल से भटककर खेत में पहुंचा चीतल का बच्चा



**अनूपपुर, नवभारत।** जिला मुख्यालय अनूपपुर से करीब 15 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मझगवां के चटुआ गांव में सोमवार सुबह जंगल से भटककर एक चीतल का बच्चा खेत में पहुंच गया। खेत में चीतल के बच्चे को देखकर किसान ने उसकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उसे अपने घर लाया और तत्काल वन विभाग को सूचना दी। जानकारी मिलने पर वनरक्षक दुर्गेश कुमार पटेल मौके पर पहुंचे और चीतल के बच्चे को अपनी अभिरक्षा में ले लिया। वनरक्षक ने मामले की जानकारी वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दी है। वन विभाग द्वारा नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया गया कि चटुआ निवासी केशव पिता स्व. रामकरण पटेल के खेत में सोमवार सुबह यह चीतल का बच्चा पहुंचा था।

# मीट मार्केट के लिए अलग नियम क्यों?

**भगवा पार्टी ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर उठाये सवाल**



**अनूपपुर नवभारत 27 जुलाई।** जिला मुख्यालय में नगर पालिका द्वारा इन दिनों अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान गरीब एवं छोटे दुकानदारों की दुकानों को हटाकर अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई की जा रही है, लेकिन दूसरी ओर पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में खुले में मीट का कारोबार कथित रूप से अब भी संचालित होने को लेकर आम लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

मीट मार्केट के लिए निर्माण एवं व्यवस्थित व्यवस्था होने के बावजूद पुरानी व्यवस्था में कारोबार संचालित होने पर नगर पालिका एवं जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। भारतीय गण वार्ता भगवा पार्टी के जिला महामंत्री वरुण चटर्जी ने प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर यदि कार्रवाई की जा रही है तो सभी के लिए नियम समान होने चाहिए।

### कार्रवाई में भेदभाव नहीं किया जाए : चटर्जी

वरुण चटर्जी ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा खुले में मांस-मछली के विक्रय को व्यवस्थित करने और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद यदि जिला मुख्यालय में खुले में मीट कारोबार संचालित हो रहा है तो यह प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं नगर पालिका से मांग की है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाए।

**अतिक्रमण** | कार्रवाई में भेदभाव के आरोप, जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में अभियान चलाने की मांग

# बारिश में अतिक्रमण हटाओ अभियान पर सवाल



**अनूपपुर, नवभारत 27 जुलाई।** नगर पालिका परिषद द्वारा इन दिनों शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को जहां नागरिकों ने जरूरी बताया है, वहीं बारिश के मौसम में अभियान चलाने के तरीके को लेकर सवाल भी उठने लगे हैं।

नागरिकों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जरूरत और स्थिति का आकलन कर की जानी चाहिए, ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। शहर में कई स्थानों पर अतिक्रमण की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। पुराने नगर पालिका कार्यालय के आसपास भी विभिन्न प्रकार के अतिक्रमण देखे जा सकते हैं।

### पार्षदों को मौजूद रहना चाहिए

नागरिकों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से पहले नगर पालिका अध्यक्ष, संबंधित वार्ड पार्षद और मनोनीत पार्षदों को मौके पर मौजूद रहना चाहिए। जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में यह तय किया जाना चाहिए कि कौन सा अतिक्रमण वास्तव में यातायात और सार्वजनिक व्यवस्था में बाधक है और किसे हटाया जाना आवश्यक है।

### अभियान लगातार जारी रहेगा : चौहान

लोगों का कहना है कि जहां अतिक्रमण वास्तव में सार्वजनिक आवागमन में बाधक है, वहां कार्रवाई निश्चित रूप से होनी चाहिए। नपा के राजस्व निरीक्षक गौरव सिंह बघेल एवं अतिक्रमण प्रभारी अखिलेश सिंह चौहान के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी है।

### प्रमुख मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग

नागरिकों ने स्टेशन से बस स्टैंड तक के प्रमुख मार्ग को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त रखने की मांग की है। कन्या स्कूल के सामने सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण तथा कोतवाली के सामने खड़े दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने की भी मांग उठ रही है। लोगों का कहना है कि शहर के प्रमुख मार्ग व्यवस्थित और साफ रहेंगे तो यातायात सुचारू होने के साथ बाहर से आने वाले लोगों के बीच भी शहर की बेहतर छवि बनेगी।